A | 709

दूसरा कार्यकालांत मूल्यांकन- 2016-17

हिंदी

कक्षा- 7 | समय: 2 घंटे

सूचना :-

- पंद्रह मिनट का *कूल ऑफ टाइम* प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए है।
- सभी प्रश्नों के उत्तर लिखें।

गतिविधि -1

सूचनाः कविता पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।

सफलता की राहें

सफल रहेंगे हम जीवन में,
सदा परिश्रम करने पर।
हार से डरकर रहने से ,
जीत से दूर हो जाएँगे।
मन में विश्वास रखने से,
काम सफल हो जाएँगे।
कमियों पर तुम रोना मत,
सुधार के आगे बढ़ जाओ।

(क) कविता का आशय लिखें।

(ख) परिश्रम के लिए समानार्थक शब्द लिखें।

गतिविधि - 2

(क) स्कूल में **बच्चों पर टी.वी. का प्रभाव** विषय पर लेख प्रतियोगिता होनेवाली है। बिंदुओं की सहायता से लघु लेख तैयार करें।

- मनोरंजक
- हानिकारक
- उपयोग में सतर्कता

- ज्ञानवर्धक
- लाभदायक

(ख) सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

हमें केवल मनोरंजन में ही डूबे रहना चाहिए।

हमें दूसरों के दुख-दर्द को भी समझना चाहिए।

गतिविधि -3

सूचना: निर्देशानुसार लिखें।

(क) आपके स्कूल में 10 जनवरी 2017 शामको **एक दौड़ ऐसी भी** घटना का वीडियो प्रदर्शन होनेवाला है। इसके लिए एक पोस्टर तैयार करें।

(ख) प्रदर्शिनी हॉल के सामने एक बगीचा है। वहाँ रखने योग्य एक संकेतपट तैयार करें।

गतिविधि -4

सूचना: **वार्तालाप पढें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

सुमन : अरे विजय ! वह देख...

विजय : इतने लोग तालाब के पास क्यों?

सुमन : दो बच्चे इसमें डूब गए हैं।

विजय : बाकी लोग तमाशा देख रहे हैं?

सुमन : हाँ चलो, हम कुछ करें।

विजय : हाँ।

सुमन : वह देखो, एक आदमी उन्हें बचाकर ला रहा है।

विजय : अरे ! यह तो हमारा सलीम है।

सुमन : हाँ, वह तो लंगड़ा है। अब वह हमारे उदयपुरम गाँव का 'हीरो' बन गया है।

(क) घटना को समाचार के रूप में बदलकर लिखें।

(ख) रेखांकित शब्दों पर ध्यान दें और नीचे दिए वाक्य की पूर्ति करें।

बच्चे आ <u>रहे हैं</u>।

बच्चियाँ आ ......।

गतिविधि -5

सूचना: **खंड़ पढ़ें और मातृभाषा में अनुवाद करें।**

(क) सभी दौड़ पड़े। एक छोटा लड़का गिरा और रो पड़ा। उसकी आवाज़ सुनकर बाकी प्रतिभागी दौड़ना छोड़कर उसके पास आने लगे। फिर वे सब एक साथ आगे बढ़े।

(ख) रेखांकित शब्दों पर ध्यान दें और नीचे दिए वाक्य की पूर्ति करें।

लड़के <u>आने लगे</u>।

लड़कियाँ ......।